हरिभूमि
# बालोद भूमि
रायपुर, मंगलवार 22 जुलाई 2025

तापमान
अधिकतम 31.4 डिग्री
न्यूनतम 16.6 डिग्री

10 आवागमन में हो रही परेशानियों के कारण ग्रामीणों ने किया ...

11 माताओं के सम्मान में शहर के विभिन्न ...




B.M. COLLEGE
BCA BBA
PGDCA B.Ed.
आई.टी.आई.
▸ कोपा ▸ इलेक्ट्रिशियन
▸ हेल्थ सेनेटरी इंस्पेक्टर
▸ डीजल मैकेनिक
▸ फायर टेक्नालॉजी
▸ स्टेनो हिन्दी
गोकुल नगर, पुलगांव, दुर्ग
8770638793, 9340311314
9303893829, 9300850065

# नेवारीकला की महिलाएं बालोद जाने तांदुला पार करने का उठती हैं जोखिम

## अंचलवासी नदी पर पुल निर्माण के लिए लगा चुके हैं गुहार, जनप्रतिनिधि कर रहे अनदेखी

हरिभूमि न्यूज ▸▸ बालोद

ग्राम नेवारीकला की महिलाएं और युवतियां आत्मनिर्भर बनने के लिए प्रतिदिन मुश्किलों से जूझ रही हैं। जिला मुख्यालय से मात्र 7 किलोमीटर की दूरी पर स्थित यह गांव तांदुला नदी के किनारे बसा हुआ है, लेकिन नदी पर पुल न होने के कारण बरसात के दिनों में लोगों की जिंदगी जोखिम में पड़ जाती है।

खासकर महिलाएं और युवतियां, जो कपड़े, बर्तन और श्रृंगार सदन जैसी दुकानों में काम कर आत्मनिर्भर बनने की कोशिश कर रही हैं, उन्हें घुटनों से ऊपर तक पानी में नदी पार कर जिला मुख्यालय जाना पड़ता है। बरसात का दिन रहता है चुनौतियों से भराअंजली सिन्हा, दामिनी साहू, गीता कुंभकार और पायल कुंभकार ने बताया कि वे हर मौसम में काम पर निकलती हैं, चाहे तपती धूप हो या झमाझम बारिश।

लेकिन बरसात के दिनों में नदी पार करना उनके लिए सबसे बड़ी चुनौती बन जाती है। जब तांदुला नदी का जलस्तर बढ़ता है, तब भी वे घुटनों से ऊपर बहते पानी में साइकिल लेकर नदी पार करने को मजबूर होती हैं क्योंकि वैकल्पिक सड़क मार्ग से दूरी दोगुनी यानी 14 किलोमीटर हो जाती है।



### नदी का जल स्तर बढ़ा, जान जोखिम में डाल कर कर पार

नदी का जल स्तर बढ़ने से होती है कठिनाई नदी पार करने के जोखिम के साथ-साथ दूरी बढ़ने से उनकी थकान भी बढ़ जाती है। युवतियों का कहना है कि इतनी लंबी दूरी तय कर काम करने के बाद शरीर जवाब देने लगता है, और कई बार तबीयत बिगड़ने की नौबत आ जाती है। वहीं रात में काम से लौटते समय अगर नदी का जलस्तर अचानक बढ़ जाए, तो उन्हें फिर से जिला मुख्यालय लौटकर वैकल्पिक मार्ग से गांव जाना पड़ता है। ग्रामीण वर्षों से कर रहे पुल निर्माण की मांग गांव के लोग वर्षों से पुल की मांग कर रहे हैं, लेकिन अब तक प्रशासन की ओर से कोई ठोस पहल नहीं की गई है। ग्राम नेवारीकला की महिलाएं और युवतियां शासन-प्रशासन से अपील कर रही हैं कि चाहे छोटा हो या बड़ा, लेकिन एक पुल का निर्माण जरूर किया जाए ताकि नदी उनके सपनों को साकार करने में बाधा न बने।

## खबर संक्षेप

### सफाई कर्मी ने बीईओ कार्यालय में फांसी लगाई

**गुरूर।** तहसील मुख्यालय के ब्लॉक शिक्षा अधिकारी कार्यालय में सतीश यादव उम्र 27 वर्ष ने बीती रात्रि को फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। मृतक सतीश यादव बीओ कार्यालय में कार्यरत लक्ष्मी यादव का बेटा था, जो कि वर्तमान में स्वीपर हड़ताल में थे जिसके चलते साफ–सफाई के लिए उनका बेटा सतीश यादव कुछ दिनों से अस्थाई तौर पर काम पर आ रहा था किंतु सतीश यादव ने यह कदम क्यों उठाया यह जांच का विषय बना हुआ है। मृतक ने एबीईओ के कक्ष में पंखे पर गमछा के सहारे फांसी लगाई है, जानकारी के मुताबिक कुछ माह पहले ही उनका शादी हुआ था। इस घटना से शिक्षा विभाग में भी हड़प्पा मच गया है। जानकारी के अनुसार घटना की जानकारी विभाग को सोमवार की सुबह करीब 3 से 4 बजे के बीच हुई जब मृतक के घर वाले सतीश के घर न लौटने पर खोजबीन करते हुए शिक्षा विभाग के अफसर ▸▸ शेष पेज 10 पर

## मांग : बीईओ ने शिक्षक का संलग्नीकरण किया निरस्त, मोबाइल पर दी जानकारी

# शिक्षक की कमी पर पालकों ने स्कूल में की तालबंदी, बीईओ की समझाइश पर माने

हरिभूमि न्यूज ▸▸ कुसुमकसा

प्राथमिक शाला बोरिद में शिक्षक की कमी को लेकर शाला में पदस्थ शिक्षक के संलग्नीकरण को निरस्त कर शाला में पदस्थापना करने की मांग को लेकर बोरिद के ग्रामीणों ने शाला में तालाबंदी कर बच्चों के साथ बाहर धरना पर बैठ गए।

शाला में तालाबंदी की जानकारी मिलते ही देवेंद्र नेताम तहसीलदार डोंडी व विकासखंड शिक्षा अधिकारी डोंडी ग्राम बोरिद पहुंचकर ग्रामीणों से चर्चा की। ग्रामीण शिक्षक की मांग को लेकर अड़े रहे। सहायक आयुक्त (आदिवासी विकास शाखा) बालोद से संलग्नीकरण शिक्षक का आदेश निरस्त करते हुए मूल पदस्थापना शाला में पदस्थ के आदेश की प्रति मोबाइल पर आने की जानकारी देने के बाद भी ग्रामीण अपनी मांग पर अड़े रहे, कि उक्त शिक्षक पदभार ग्रहण न करने पर उसकी



जगह दूसरे शिक्षक की पदस्थापना की जाए। अधिकारी ग्रामीणों के बीच पदस्थ शिक्षक के कार्यभार ग्रहण करने के लिखित पंचनामा पर ग्रामीण आंदोलन समाप्त करते हुए शाला में लगाए गए ताला को खोला। वहीं पदस्थ शिक्षक के कार्यभार ग्रहण नहीं करने पर उसके खिलाफ कड़ी कार्रवाई करते हुए एक सप्ताह में उनकी जगह दूसरे शिक्षक की पदस्थापना करने की सहमति बनी, अन्यथा ग्रामीण एक सप्ताह के बाद पुनः शाला में तालाबंदी करने की बात भी लिखी गई है।

विकासखंड शिक्षा अधिकारी रोहित कुमार सिन्हा ने ग्रामीणों को बताया की शिक्षक रूपेश गौतम को मूल संस्था में जाने का आदेश जारी हो गया है जिसे पढ़ कर भी बताया गया। देवेंद्र नेताम तहसीलदार डोंडी बोरिद पहुंचकर आंदोलनरत ग्रामीणों से चर्चा की और उनकी समझाइस पर ग्रामीण शांत हुए।

### पढ़ाई हो रही प्रभावित

विदित हो कि इसके पहले भी ग्रामीण जनप्रतिनिधियों ने प्राथमिक शाला में शिक्षक की कमी से बच्चों की पढ़ाई प्रभावित होने की जानकारी विकासखंड शिक्षा अधिकारी, जिला शिक्षा अधिकारी, कलेक्टर को जनदर्शन में आवेदन देकर गुहार लगाई गई किंतु हल नहीं निकलने पर 21 जुलाई को सुबह 10 बजे सभी ग्रामीण एकत्रित हुए और शाला में तालाबंदी की। इस अवसर पर हरिशचंद्र बढ़ई सरपंच ग्राम पंचायत दानीटोला, रैन सिंह बढ़ई उपसरपंच, जीवनलाल रावटे अध्यक्ष शाला प्रबंधन समिति, लेखराम कोमार्य ग्राम पटेल, रोशन अलेंद्र पूर्व सरपंच, शोभाराम, प्यारसिंह ठाकुर, शिशुपाल यादव, बुधारूराम, दिनेशकुमार, गजेंद्र कुमार, अजीतराम, कांतिबाई अलेंद्र, पुष्पा यादव, सगाबती बलेंद्र सहित सैकड़ों महिला पुरुष व स्कूली बच्चे उपस्थित थे।


# खाद बीज के लिए किसानों ने किया आंदोलन रैली निकाली और एसडीएम को सौंपा ज्ञापन



हरिभूमि न्यूज ▸▸ डौंडीलोहारा

नगर के बाजार चौक गोंडवाना भवन के समीप सोमवार को वनांचल के किसानों ने खाद बीज की कमी के चलते राज्य शासन को आड़े हाथों लेते हुए हल्ला बोला और एक दिवसीय धरना प्रदर्शन किया। साथ ही बड़ी संख्या में उपस्थित किसानों ने रैली भी निकाली।

विभिन्न नारों के साथ राज्य शासन के खिलाफ नारेबाजी करते हुए विभिन्न मार्गों से होते हुए रैली नगर के एसडीएम कार्यालय पहुंची और वहां नारेबाजी करते हुए शासन प्रशासन को खाद बीज की कमी पर ध्यान आकर्षित कराते हुए मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन एसडीएम शिवनाथ बघेल को सौंपा। इसके पूर्व वनांचल के ग्राम कोडेकसा, रेंगाडबरी, मंगचुआ, करेंगांव, भंवरमरा, खैरकट्टा, अरजपुरी आदि विभिन्न ग्रामों के ▸▸ शेष पेज 10 पर



■ 27 अगस्त तक खाद नहीं मिलने पर चक्काजाम की दी चेतावनी

ISBM UNIVERSITY
KNOWLEDGE • WISDOM • HUMANITY
BCI Bar Council of India | Association of Indian Universities | Chhattisgarh Private Universities Regulatory Commission | UGC University Grant Commission | All India Council for Technical Education | PCI Pharmacy Council of India
ADMISSION OPEN 2025-26
UNLOCK YOUR FUTURE WITH
ISBM UNIVERSITY
CHOOSE A UNIVERSITY THAT PUTS YOU FIRST!
AACSB ACCREDITED
INTERNATIONAL ASSOCIATION OF UNIVERSITIES
NAAC ACCREDITED
NOW IN RAIPUR CITY!

PHARMACY
LAW
INFORMATION & TECHNOLOGY
LIBRARY & INFORMATION SCIENCE
COMMERCE
JOURNALISM & MASS COMM.
MANAGEMENT
DESIGN
ENGINEERING & TECHNOLOGY
SCIENCE
ARTS & HUMANTIES
YOGA & NATUROPATHY
NATIONAL & INTERNATIONAL COLLABORATIONS
10,000+ Students & Alumni
25+ Awards & Recognitions
150+ Recruiter Network
200+ National & International conferences
50+ MOU & Tieups
750+ Research Published
20+ Patents
₹2.5cr+ Research Fellowship
WWW.ISBMUNIVERSITY.EDU.IN
+91 9109333333, +91 9109244444
Raipur Campus - ISBM University, Ring Road No. 1, Near Sarona Bridge, Tatibandh, Raipur, Chhattisgarh- 492099
Main Campus - ISBM University, Nawapara (Kosmi), Block & Tehsil- Chhura, Gariyaband (Chhattisgarh) 493996
Shreeram Addiction

खबर संक्षेप



## बागतराई व कपरमेटा में मां के नाम किया पौधारोपण

**गुरुर।** जनपद पंचायत गुरुर अध्यक्ष सुनीता संजय साहू ने एक पेड़ मां के नाम के तहत अलग–अलग ग्राम पंचायत में पहुंचकर पौधारोपण कर अभियान को सफल बनाया। जहां सुनीता साहू ने ग्राम आनंदपुर, चंदनबिरही, बागतराई एवं वन विभाग द्वारा ग्राम कपरमेटा में कर्मचारियों सहित अलग–अलग प्रजातियों के पौधों का पौधारोपण किया गया। इस अवसर पर जनपद अध्यक्ष सुनीता संजय साहू ने पौधारोपण को मातृ समर्पण की अनूठी पहल बताया और कहा कि प्रकृति के संरक्षण में हर व्यक्ति को अपनी भूमिका निभानी चाहिए। उन्होंने कहा कि हमारे देश के यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी द्वारा इस अभियान की शुरुआत की गई है जो आज एक वृहद रूप में किया जा रहा है एक पेड़ मां के नाम एक प्रयास है जो हमारी मातृभूमि और प्रकृति के प्रति हमारे सम्मान और समर्पण को दर्शाता है, इस अभियान का उद्देश्य मां के नाम पर एक पेड़ लगाना और देखरेख सुरक्षा करना है जो न केवल पर्यावरण की रक्षा करेगा बल्कि एक हरे और अधिक समृद्ध भविष्य के निर्माण में भी योगदान देगा। मां और प्रकृति दोनों ही जीवन का मूल आधार है और इस पहल के माध्यम से हम अपनी जिम्मेदारी निभा रहे हैं कार्यक्रम के अंत में पर्यावरण सरंक्षण की शपथ भी दिलाई गई। इस अवसर पर जनपद सदस्य सहित पंचायत प्रतिनिधि एवं वन विभाग के अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।

## विभिन्न कार्यालयों में किया गया पौधारोपण



**बालोद।** बालोद जिला कलेक्टर ऑफिस, उप पंजीयक कार्यालय, राजहरा व्यापारी संघ कार्यालय में पौधारोपण किया गया।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के आह्वन पर एक पेड़ मां के नाम के तहत पूरे बालोद जिला में जिला कलेक्टर दिव्या मिश्रा के तत्वाधान में पौधारोपण किया गया है। यह एक प्रयास है जो हमारी मातृभूमि और प्रकृति के प्रति हमारे सम्मान और समर्पण को दर्शाता है। इस अभियान का उद्देश्य मां के नाम पर एक पेड़ लगाना और एक स्थायी स्मृति बनाना है, जो न केवल पर्यावरण की रक्षा करेगा बल्कि एक हरे और अधिक समृद्ध भविष्य के निर्माण में भी योगदान देगा। ठीक इसी प्रकार बालोद जिला कलेक्टर ऑफिस, उप पंजीयक कार्यालय, राजहरा व्यापारी संघ कार्यालय में जिला कलेक्टर दिव्या मिश्रा, छत्तीसगढ़ चौंबर ऑफ कॉमर्स मंत्री स्वाधीन जैन, भाजपा युवा मोर्चा के पूर्व अध्यक्ष जयदीप गुप्ता, भाजपा कुसुमकसा मंडल अध्यक्ष योगेन्द्र सिन्हा, भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा के प्रदेश सह–सोशल मीडिया प्रभारी हितेश कुमार डोंगरे, अंकित टाटिया, हितेश बाघमार ने उपस्थित होके पौधारोपण किया।

## स्वरोजगार योजना के लिए आवेदन प्रक्रिया शुरू

**बालोद।** अनुसूचित जाति अंत्योदय स्वरोजगार योजना एवं अनुसूचित जनजाति स्वरोजगार योजना में जिला बालोद को वर्ष 2025–26 हेतु अंत्योदय स्वरोजगार योजना के लक्ष्य 104 इकाई एवं आदिवासी स्वरोजगार योजना में लक्ष्य 33 इकाई का कुल 147 इकाई का लक्ष्य प्राप्त हुआ है। कार्यपालन अधिकारी जिला अंत्यावसायी सहकारी विकास समिति मर्यादित बालोद ने बताया कि जिले में निवास करने वाले शिक्षित बेरोजगार युवक, युवतियों से स्वयं व्यवसाय चयन कर रोजगार स्थापित करने हेतु आवेदन पत्र आमंत्रित किए गए हैं। ऐसे पात्र आवेदक जिला अंत्यावसायी सहकारी विकास समिति मर्यादित कक्ष क्र. 91 संयुक्त जिला कार्यालय बालोद के साथ ही जिले के सभी जनपद पंचायत कार्यालयों एवं नगरीय निकाय कार्यालयों में कार्यालयीन समय में आवेदन पत्र प्राप्त कर आवश्यक समस्त दस्तावेजों के साथ जमा भी कर सकते हैं।

### शहर में सहकार भारती कार्यकर्ता सम्मेलन में शामिल हुए जिले के प्रभारी मंत्री विजय शर्मा

# सहकार में ही है संस्कार, संघ के माध्यम से ही व्यक्ति का होता है निर्माण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

शहर में सहकार भारती कार्यकर्ता सम्मेलन में मुख्य अतिथि और जिले के प्रभारी मंत्री उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा शामिल हुए। अध्यक्षता लोकसभा सांसद भोजराज नाग ने की। विशिष्ट अतिथि अध्यक्ष योग आयोग बोर्ड रूपनरायन सिन्हा, अध्यक्ष मत्स्य बोर्ड भरत मटियारा, अध्यक्ष जिला पंचायत बालोद तारणी चन्द्राकर, अध्यक्ष नगर पालिका परिषद बालोद प्रतिभा चौधरी, अध्यक्ष नगर पालिका परिषद दल्ली राजहरा तोरण साहू ने किया।

मुख्य अतिथि ने सहकारिता के सम्बंध में मार्गदर्शन किया और कहा सहकार में ही संस्कार है, संघ के माध्यम से ही व्यक्ति का निर्माण होता है। सभी अतिथियों ने मंच को गरिमामयी उद्बोधन प्रदान किया। कार्यक्रम में राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के अनुसांघिक क्षेत्र पैक्स, बुनकर संघ, मछुवारा संघ, पटेल संघ, सरपंच संघ, वन उपज संघ, दुग्ध संघ, सहकार भारती महिला प्रकोष्ठ एवं छत्तीसगढ़ राज्य कर्मचारी संघ के कार्यकर्ता शामिल हुए। इसमें प्रमुख रूप से सभी अनुसांघिक संघटनों के टीमों ने अतिथियों का स्वागत किया। प्रान्त प्रमुख राधेश्याम चन्द्रवंशी ने सहकार भारती के विषय में विस्तार से प्रकाश डाला। कार्यक्रम में प्रांतीय अध्यक्ष राधेश्याम चन्द्रवंशी ने कहा कि सहकार भारती के बिना समाज में आर्थिक उद्धार नहीं हो सकता, इसमे समाज के अंतिम पंक्ति में बैठे लोगों का उद्धार होता है। योग आयोग के अध्यक्ष रूपनारायण सिंह ने बताया सहकार में ही संस्कार है संघ व्यक्ति निर्माण कर इस प्रकार के कार्यक्रमों से समाज उत्थान करता है।






प्रान्त स्तरीय सहकार भारती कार्यकर्ता सम्मेलन बालोद में सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम के प्रथम सोपान में रेखा सोरी एवं साथी द्वारा धार्मिक भजनों के सुमधुर संगीत से वातावरण को धर्ममय किया गया। राम आएंगे भजन ने हजारों दर्शकों को मंत्र मुग्ध कर दिया। अनुशासन से भरा इस कार्यक्रम का शुभारम्भ मां भारती, मां छत्तीसगढ़ महतारी के तैल चित्र में पूजा अर्चना एवं माल्यार्पण कर किया गया। सहकार भारती के जिला पदाधिकारियों ने अतिथियों को अनेक प्राप्त लाभों के बारे में प्रत्यक्ष प्रदर्शन बताये। बुनकर संघ द्वारा समाज के प्रतिभावान छात्रों को नगद राशि प्रदान कर प्रोत्साहित किया। कार्यक्रम का संचालन शिक्षक गजेंद्रपुरी गोस्वामी ने एवं आभार प्रदर्शन संयोजक मुरारीलाल चन्दन ने किया। इस अवसर पर अनेक गतिविधियों का कार्यकर्ताओं द्वारा प्रदर्शन किया गया।

कार्यक्रम में प्रान्त महामंत्री कनीराम नन्देश्वर, संभाग प्रमुख इन्द्रपालजी चन्द्राकर, कार्यक्रम सयोजक मुरारीलाल चन्दन, अध्यक्ष तुलसी मानस प्रतिष्ठान जगदीश देशमुख, गजेंद्रपुरी गोस्वामी, इंद्र प्रकाशजी, दारा सिंह, हीरासिंह, तोमिन साहू, ज्योति झा, कृतिका, शशिकांत निषाद, कमलेश गौतम, लखनलाल देवांगन, गानेंद्र मौर्य, दीपक देवांगन, रुद्रप्रकाश, जितेंद्र साहड़ा, देवचरन, रूपेश सिन्हा, गणेशजी, पवन सोनबरसा, कमलनारायण देवांगन, मोहित देवांगन, लखनलाल देवांगन, केवलसिंग चन्देल, ढसलसिंघ साहू, योगेंद्र देशमुख, पुष्पलता बघेल, विनोद कौशिक, गोकुल ठाकुर, बलचारन साहू, ओमप्रकाश यादव, दीनबन्धु यादव, सुदीप यादव, मदन साहू, वीरेंद्र यादव, फागराम सिन्हा, क्षीरसागर राजपूत, पवन गनबेर, कैलास बिसाई, मानसिंह तारम सहित राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ बालोद, सरपंच संघ, ग्राम पटेल संघ, मछुआरा संघ, दुग्ध संघ, पैक्स, जिला सहकार भारती महिला टोली, राज्य कर्मचारी संघ का विशेष सहयोग रहा।

## भाजपा की प्रेसवार्ता, चैतन्य बघेल की गिरफ्तारी पर किए सवाल



**बालोद।** भाजपा ने जिला भाजपा कार्यालय में आयोजित प्रेस वार्ता के माध्यम से कांग्रेस और पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल पर गंभीर आरोप लगाते हुए कई सवाल किए।

प्रदेश प्रवक्ता देवलाल ठाकुर ने कांग्रेस से सवाल किया कि भूपेश बघेल के पुत्र चैतन्य बघेल कांग्रेस के किस पद पर हैं, फिर किस अधिकार से कांग्रेस उनके समर्थन में प्रदर्शन कर रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि भूपेश बघेल पुत्र मोह में पूरी कांग्रेस को झोंक चुके हैं और इस प्रकार की राजनीति छत्तीसगढ़ की जनता के साथ धोखा है।

पूर्व प्रदेश मंत्री राकेश यादव ने कहा कि भ्रष्टाचारियों को बचाने प्रदेश की जनता को परेशानी में डाला जा रहा है। इसे ही कहते हैं चोरी ऊपर से सीना जोरी। उन्होंने शराब, कोयला, चावल, गोठान और पीएससी घोटालों का उल्लेख करते हुए कहा कि इन सभी में प्रदेश की जनता का पैसा लूटा गया और अब जब जांच में आरोपी सामने आ रहे हैं, तो कांग्रेस उन्हें बचाने मैदान में उतर आई है। जिला अध्यक्ष चेमन देशमुख ने कोयला आवंटन और पर्यावरण स्वीकृति से जुड़े भूपेश बघेल सरकार के आधिकारिक आदेश के बारे में बताया। उन्होंने कहा कि भूपेश बघेल ने अशोक गहलोत को कोल ब्लॉक आवंटित किया और अडानी को खदानों का ऑपरेटर बनाया। भाजपा नेताओं ने तथ्यों सहित कहा कि 16 अक्टूबर 2019 को पर्यावरण स्वीकृति की सिफारिश की गई। 31 मार्च 2021 को ओपन कास्ट गारे पेलमा सेक्टर–2 के लिए एमओयू हुआ। 19 अप्रैल 2022 को स्टेज–1 और 23 जनवरी 2023 को स्टेज–2 वन स्वीकृति की सिफारिश भेजी गई। उन्होंने बताया कि राजस्थान सरकार के तत्कालीन मंत्री बीडी. कल्ला और मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने स्वयं कोल ब्लॉक आवंटन के लिए पत्रचार किया था, जिसे जनता ने देखा और समझा है। कांग्रेस मनमोहन सिंह सरकार के फैसलों पर अब माफी मांगेगी। क्या भूपेश बघेल अपने कथन अनुसार अब अपने घर व राजीव भवन की बिजली बंद करेंगे, क्या कांग्रेस हर आरोपी के समर्थन में खड़ी होगी, जैसे भूपेश बघेल के पुत्र के लिए खड़ी है। प्रेस वार्ता में जिला मंत्री राजेश दसोडे, हरिश कटझरे, कमल पनपालिया, बलराम गुप्ता, वीरेन्द्र साहू, शेखर वर्मा, नरेंद्र सोनवानी, बिल्ला मनहर सहित कई वरिष्ठ कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## अंबागढ़ चौकी से कांवरिये की पदयात्रा पहुंची रेंगाडबरी



**डौण्डीलोहारा।** वनांचल ग्राम रेंगाडबरी में प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी श्रावण मास के 20 जुलाई दिन रविवार को अंबागढ़ चौकी से कांवर में जल लेकर निकले शिवभक्त शाम 5 बजे पहुंचे। रेंगाडबरी में पहुंचते ही बोल बम एवं समस्त ग्रामवासियों द्वारा कांवरियों का आरती पूजा अर्चना कर स्वागत किया गया, साथ ही साथ मां कौशल्या धाम जामड़ी पाटेश्वरधाम से संत बालक दास भी पहुंचे और आने वाले वर्ष में 11 हजार कावारियों के आने का संकल्प लिया, रेंगाडबरी में बोल बम युवा समिति के द्वारा गली भ्रमण कराकर स्कूल मैदान में कांवर रखकर भक्तजनों द्वारा आरती पूजा किया गया एवं रात्रि में भोजन की व्यवस्था किया गया, ग्रामीण प्रतिनिधि नेमन साहू ने बताया कि सोमवार को जामड़ी पाटेश्वर धाम के लिए जल चढ़ाने कांवरिये रेंगाडबरी से सुबह 5 बजे रवाना हुए। संपूर्ण कार्यक्रम में बोल बम युवा समिति एवं व्यापारियों का अपार सहयोग रहा एवं मां शीतला मानस मंडली एवं गौरी मानस मंडली द्वारा रात्रि में भजन कीर्तन एवं सेवा गीत गाकर बाजे गाजे के साथ भव्य स्वागत किया गया। बोल बम युवा समिति के अखिलेश सिन्हा, युवराज निषाद, देवेश आर्य, नितेश देवांगन, विकास नायक नयन सिन्हा, भोज मानिकपुरी, लोकेंद्र आर्य, टीकम यादव एवं समस्त ग्रामवासी का अपार सहयोग रहा।

## दुर्लभ पुष्प ब्रम्ह कमल के दर्शन करने पहुंचे ग्रामीण



**बालोद।** ग्राम खरथुली में एक ग्रामीण के घर ब्रम्ह कमल फूल खिला, जिसके दर्शन के लिए ग्रामीण बड़ी संख्या में पहुंचकर ब्रम्ह कमल का दर्शन कर इस आनोखी व दुर्लभ पुष्प को निहार लेना चाह रहे थे। जानकारी के अनुसार डौण्डीलोहारा विकासखण्ड के ग्राम खरथुली निवासी भीष्म चंद्राकर के यहां यह दुर्लभ पुष्प खिला, जो साल में एक बार देखने को मिलता है।

# हर साल एक पौधा लगाएं और सुरक्षा का लें संकल्प

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

जिला प्रशासन द्वारा वृहद पौधारोपण कार्यक्रम एक पेड़ मां के नाम का

- जिला स्तरीय पौधा रोपण अभियान में शामिल हुए उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा

आयोजन किया गया। इस अवसर पर उपमुख्यमंत्री एवं गृह मंत्री विजय शर्मा तथा कांकेर सांसद भोजराज नाग की उपस्थिति रही। कार्यक्रम में भारत स्काउट्स एवं गाइड्स जिला संघ बालोद की कलर पार्टी ने दोनों अतिथियों का स्वागत किया। कलर पार्टी के दल ने पूर्ण अनुशासन, गरिमा और उत्साह के साथ स्वागत कर स्काउट गाइड संगठन की गरिमामयी उपस्थिति दर्ज कराई।



इस पौधारोपण अभियान का उद्देश्य मातृत्व और प्रकृति के संरक्षण के प्रति जनजागरण फैलाना रहा, जिसमें जिले के विभिन्न स्कूलों, स्वयंसेवी संस्थाओं, जनप्रतिनिधियों एवं स्काउट गाइड्स ने बढ़–चढ़कर भाग लिया। उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने पर्यावरण संरक्षण की आवश्यकता पर बल देते हुए युवाओं से अपील की कि वे हर साल कम से कम एक पौधा अवश्य लगाएं और उसका पालन–पोषण करें। सांसद भोजराज नाग ने स्काउट–गाइड्स की भूमिका की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे संगठन समाज निर्माण में अहम भूमिका निभा रहे हैं। जिला स्काउट गाइड संघ बालोद के पदाधिकारियों व प्रशिक्षकों की सक्रिय भूमिका ने कार्यक्रम की शोभा और अधिक बढ़ा दी।

उक्त कार्यक्रम में भारत स्काउट्स और गाइड्स, जिला संघ बालोद के जिला मुख्य आयुक्त राकेश यादव, जिला आयुक्त पीसी मर्कले, जिला सचिव केएल गजेन्द्र, डीओसी गाइड प्रेमलता चंद्राकर, डीओसी स्काउट नेम सिंह साहू, जिला संयुक्त सचिव मधुमाला कौशल, जिला मीडिया प्रभारी मिलन सिंह सिन्हा, जिला कोषाध्यक्ष सत्यवान पिपरिया, डीटीसी स्काउट भुवन सिन्हा, ब्लॉक सचिवगण रूपेंद्र सिन्हा, छगन बंसोर, सयुक्त सचिव लिलिपुष्पा एक्का, वरिष्ठ स्काउटर वाईपी गांगुली, भोला साहू उपस्थित थे।

## महाविद्यालय में किया गया पौधा रोपण



**दल्लीराजहरा।** रविवार को शासकीय नेमीचंद जैन महाविद्यालय दल्लीराजहरा में आज राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा पौधारोपण अभियान चलाया गया। जिला बालोद के कलेक्टर के निर्देश पर एवं महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. कविता सिंह के मार्गदर्शन में आयोजित इस अभियान का उद्देश्य विद्यार्थियों में पर्यावरण के प्रति जागरूकता बढ़ाना और हरित भविष्य की ओर प्रेरित करना था। महाविद्यालय परिसर के विभिन्न हिस्सों में फलदार और फूलदार पौधे लगाए गए। इसमें शिक्षकों और कार्यालयीन कर्मचारियों ने भी उत्साहपूर्वक भागीदारी निभाई। कार्यक्रम में वार्ड क्रमांक 07 के पार्षद बीरेंद्र साहू की उपस्थिति रही। उन्होंने महाविद्यालय की इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि इस तरह के आयोजन आने वाली पीढ़ियों को पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते हैं। प्राचार्य डॉ. कविता सिंह ने इस अवसर पर कहा कि पौधा लगाना केवल एक क्रियाकलाप नहीं, बल्कि यह प्रकृति से जुड़ने का संकल्प है। हमें न केवल पौधे लगाने चाहिए, बल्कि उनकी नियमित देखरेख भी हमारी जिम्मेदारी है। पौधारोपण अभियान में राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी राजेश कुमार ठाकुर के साथ-साथ महाविद्यालय के प्राध्यापक पी.के. सिंह, अनुग्रहिता जॉन, सरिता स्वामी, धर्मेंद्र सिंह, यामिनी देवी, कांति नेताम, राकेश कोठारी, ओमेश्वरी मंडावी और कार्यालय के कर्मचारी द्रौपदी कोर्राम, कमलेश सुधाकर एवं यादव राम शांडिल्य ने सक्रिय भागीदारी निभाई।इस पहल से न केवल परिसर हरा-भरा हुआ, बल्कि विद्यार्थियों में पर्यावरण के प्रति जिम्मेदारी की भावना भी जागृत हुई।

## चिपरा में मां के नाम लगाए गए 150 पौधों

**कुसुमकसा।** ग्राम पंचायत चिपरा में मां के नाम एक पेड़ के तहत 150 पौधों का रोपण किया गया, जिसमें सरपंच यशराम राणा, उपसरपंच गिरधारी राम राणा, पंच पुनाराम रावटे, सदाराम राणा, प्रदीप कुमार, शारदा बारसागड़े, तोरण बाई गैंदी एवं पंचगण सहित ग्राम पटेल, अंजोर ग्रामीण धनुष राम तारम, भाजपा कार्यकर्ता संदीप कुमार साहू, पटवारी दुर्गा मरकाम सहित ग्रामीणजन उपस्थित थे।

## छात्रों ने अलग-अलग स्थानों पर रोपे 120 पौधे



**डौंडीलोहारा।** ग्राम लमती में रविवार को प्राथमिक शाला, पूर्व माध्यमिक शाला-लमती, ग्राम पंचायत तुमडीकसा एवं ग्रामवासियों के संयुक्त तत्वावधान में एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत खेल मैदान के चारों ओर पौधारोपण किया गया। प्राथमिक शाला के सभी 63 बच्चे, माध्यमिक शाला के 20 बच्चों ने पौधा लगाए और सुरक्षा का संकल्प लिया। यहां 120 पौधे रोपित किये गये। शासकीय प्राथमिक शाला के प्रधानपाठक भगवती प्रसाद आमदो उक्त अभियान में ग्रामीण एवं पालकों के स्वप्रेरित एवं ऊर्जा स्फूर्त भरे कार्य को देखकर भाव विभोर हो गये। उन्होंने कहा इसी प्रकार यदि देश के सभी लोग पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक हो जाय तो पर्यावरण संतुलन बिगड़ने से बच जायेगा और हम प्राकृतिक आपदाओं से बच पाएंगे तथा हम अपनी आने वाली पीढ़ी को स्वच्छ एवं खुशहाल पर्यावरण उपलब्ध करा पायेंगे। इस अभियान में भगवती प्रसाद आमदो प्रधानपाठक, प्रियंका लोहरे प्रधानपाठिका, चुड़ामनि ठाकुर सहायक शिक्षक, ग्राम पंचायत तुमडीकसा के सरपंच परमेश्वर खरे, रोजगार सहायक, सचिव, ग्राम के समस्त ग्रामीण, पालक एवं बच्चे सहभागी थे।

## आनंद पब्लिक स्कूल में पौधारोपण हुआ

**डौंडीलोहारा।** आनंद पब्लिक स्कूल में वृहत स्तर पर पौधारोपण किया गया, जिसमें अशोक,नीम, गुलमोहर, पाम, पीपल,कंरज, अमरूद आदि पौधों को रोपित किया गया। इस अवसर पर सन्मति एजुकेशन सोसाइटी के अध्यक्ष प्रतीक जैन, उपाध्यक्ष संदीप जैन, सचिव दिनेश जैन, कोषाध्यक्ष मिश्रीलाल जैन, पूर्व अध्यक्ष नोपचंद, पूर्व अध्यक्ष रवि जैन सदस्य प्रभा जैन, शाला प्रबंधक हीराचंद राखेचा, प्राचार्य साईनी मैथ्यूज, प्रधानपाठिका नोम साहू आदि उपस्थित थे।



## कृषि उपज उपमंडी परिसर में हुआ पौधारोपण



**डौंडीलोहारा।** पर्यावरण संरक्षण और पौधारोपण के प्रति लोगों को जागरूक करने के लिए जिला स्तर पर, एक पेड़ मां के नाम, अभियान के तहत कृषि उपज उपमंडी परिसर डौण्डी लोहारा में कृषि उपज मंडी के पदाधिकारियों ,सदस्यों ने पौधा रापेण किया। इस अवसर पर समाजसेवी पूर्णिमा देवी टेकाम, आ.जा से सह समिति अध्यक्ष टेकराम पटेल, अमित दिल्लीवार डौंडीलोहारा, सुश्री बिंदा सोनकर प्रबंधक सहकारी समिति, शिक्षक बलदेव यादव, अनिल यादव, उमेंद सिन्हा, हीरा छेदाम तथा विद्यार्थी, कृषि उपज मंडी तथा आदिम जाति सेवा सहकारी समिति के कर्मचारी एवं किसान उपस्थित रहे। इसमें प्रमुख रूप से बालकिशोर यादव, वाल्मीकि कोरटिया, बलवीर सिंह ठाकुर, तुलसीराम यादव, गजेंद्र निर्मलकर, गिरवर सिंह कोलियारे, दीपक, कीर्ति बाई, पुष्पा योगी, उमेन्द सिंह सहित मड़ियाकट्टा, बगईकोन्हा, धनगांव, लोहारा, कामता के कृषक बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

### राजनांदगांव-अंतागढ़ स्टेट हाईवे दो घंटे रहा बाधित, अधिकारियों ने दिया आश्वासन

# आवागमन में हो रही परेशानियों के कारण ग्रामीणों ने किया चक्काजाम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद/डौंडीलोहारा

स्वतंत्र पंचायत की मांग के साथ जर्जर सड़क से परेशान सात गांवों के ग्रामीणों ने राजनांदगांव–अंटागढ स्टेट हाइवे पर सोमवार को टटेंगा मोड़ के पास दो घंटे चक्का जाम कर दिया। ग्रामीणों का आरोप है कि कई बार सड़क की स्वीकृत होने के बाद भी पुनर्निर्माण नहीं किया जा रहा है। इससे राहगीरों को परेशानी हो रही है। चक्का जाम की खबर के बाद प्रशासनिक अधिकारियों ने पहुंचकर ग्रामीणों को समझाने का प्रयास किया।



लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों ने जनवरी से सङक की राशि स्वीकृत कराकर कार्य प्रारंभ कराने के आश्वासन के बाद चक्का जाम स्थगित किया गया। ग्राम पंचायत टटेंगा, भरदा (ट), हल्दी (ट), औरी, गंधरी, जेवरतला के ग्रामीण मेन रोड से ग्राम पंचायत भरदा तक चार कि.मी. का जीर्णोद्धार नहीं कराए जाने से परेशान हैं। ग्रामीणों का कहना है कि 25 वर्षों से कोई निर्माण व मरम्मत कार्य नहीं होने से आवागमन में काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। उक्त सड़क मार्ग निर्माण व मरम्मत के संबंध में अनेको बार जनप्रतिनिधियों तथा संबंधित अधिकारीयो के पास आवेदन दिये जाने के बाद भी आज पर्यन्त तक कोई कार्यवाही नहीं की गई। ग्राम प्रमुख गेंदलाल देवांगन ने बताया कि आक्रोर्षित ग्रामीण व छात्र–छात्राएँ अपने मांगों को लेकर चक्काजाम करने मजबूर हुए हैं। एसडीएम शिव बघेल, तहसीलदार प्रीतम साहू, एसडीओपी देवांश सिंह ने पहुंचकर चक्का जाम कर रहे ग्रामीणों को समझाते रहे। जनवरी तक कार्य स्वीकृत कराए जाने का आश्वासन दिया।

इस अवसर पर पूर्व कांग्रेस जिला अध्यक्ष चंद्रप्रभा सुधाकर, जिला कांग्रेस महामंत्री केशव शर्मा, पूर्व जनपद अध्यक्ष जागृत सोनकर, ब्लॉक अध्यक्ष कोदूराम दिल्लीवार, पूर्व जनपद सदस्य राजेश साहू, संजीव चौधरी, सरपंच हरदी हितेंद्र साहू, पूर्व सरपंच स्वतंत्र तिवारी, अध्यक्ष नरेंद्र मानिकपुरी, जनपद सदस्य रितु साहू, दीपक सिंह, भूपेंद्र साहू , बलराम साहू, थामन साहू, कालीचरण सिन्हा, ईश्वर साहू गीतू साहू ग्रामीणजन उपस्थित थे।

## 25 वर्षों से उपेक्षित सड़क पर फूटा ग्रामीणों का गुस्सा, प्रशासन को देना पड़ा आश्वासन

मुख्य मार्ग से टटैगा हरदी तक चार किमी सड़क अत्यंत जर्जर स्थिति में है। जगह–जगह बड़े–बड़े गड्ढे हो गए हैं। खराब सड़क के कारण कई बार दुर्घटनाएं हुई है। इससे सर्वाधिक परेशानी हाई स्कूल जाने वाले छात्र–छात्रओं को है। हाई स्कूल की छात्र–छात्रएं चक्काजाम स्थल तक न जाए इसलिए स्कूल के मेंन गेट पर शाला प्रबंधन समिति द्वारा ताला लगा दिया गया। इससे ग्रामीण व छात्र–छात्रओं में आक्रोश है। ग्रामीणों के आंदोलन को समर्थन देने कई भाजपा नेता व जनप्रतिनिधि नदारद रहे। ग्राम टटैगा के ग्रामीण 2 वर्षों से टटैगा को स्वतंत्र पंचायत बनाने की मांग कर रहे हैं। त्रिस्तरीय पंचायती राज चुनाव में स्वतंत्र पंचायत बनाने की मांग को लेकर पंचायत चुनाव का ग्रामीणों ने बहिष्कार किया था। ग्राम पंचायत टटैगा का आश्रित गांव कसही है। चक्का जाम स्थल पर जनपद पंचायत के सीईओ ने पहुंच कर बताया कि स्वतंत्र पंचायत बनाने का प्रस्ताव शासन को भेजा गया है।

## पेज 9 के शेष

### सफाई कर्मचारी ने बीईओ ...

के पास पहुंचे और कार्यालय जाकर देखा तो अंदर कमरे में फंदे पर उसकी लाश लटकी हुई थी। सोमवार सुबह 8 गुरुर पुलिस मौके पर पहुंचकर शव को फंदे से उतार कर पोस्टमार्टम करा कर शव परिवार को सुपुर्द किया गया।

### खाद बीज के लिए किसानों ...

किसान वनांचल स्थित माटरी चौक के पास एकत्रित हुए व शासन प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी करते हुए बाइक रैली के माध्यम से नगर मे प्रवेश किया व गोंडवाना भवन में एकत्रित होकर धरना प्रदर्शन किया। सभा में कोडेकसा सरपंच मेनलाल भुआर्य ने कहा कि किसानों को बरसात के समय सोसायटी में खाद बीज नहीं मिल रहा है। गणेश राम रात्रे ने कहा कि किसान परेशानी है व राज्य सरकार हाथ पर हाथ धरे बैठी है। दिलीप बघेल ने कहा कि किसानों को खाद नहीं मिलने से खेती पर संकट के बादल मंडरा रहे हैं। भाव सिंग ओटी ने कहा कि राज्य शासन की सबसे बड़ी विफलता है कि किसानों को सही समय पर खाद बीज भी उपलब्ध नहीं करा पा रहे हैं। ओंकार ठाकुर, बिशनाथ गोटा, श्यामलाल कोरेटी ने भी धरना प्रदर्शन को संबोधित करते हुए राज्य शासन को आड़े हाथों लिया। किसानों ने 27 अगस्त तक खाद नहीं मिलने की दशा में 28 अगस्त को चक्काजाम की चेतावनी भी दी। उक्त अवसर पर विनोद भुआर्य, योगेश ओटी, चैनसिंह कोरेटी, पुसऊ राम, ख़लिानंद, हीरालाल, जीवराखन,कार्तिक राम,रमन सिंह, चंद्रशेखर, बिरझु राम, काशीराम आदि सैकड़ों की संख्या में किसान उपस्थित थे।

**खबर संक्षेप**



### अस्पताल परिसर में किया पौधारोपण

**गुरूर।** एक पेड़ मां के नाम के तहत शासकीय अस्पताल गुरूर में पौधारोपण किया गया। इसमें बीएमओ सुनील भारती, डॉ. ठाकुर, डॉ. रावटे, एओ अनिल कुमार सिन्हा, बीपीएम योगेश साहू, बीईटीओ केएल उर्वशा, फार्मासिस्ट मिथलेश साहू व स्टॉफ उपस्थित थे।

### अंडी में रोपे गये पौधे

**डौंडीलोहारा।** समीप के ग्राम अंडी में एक पेंड मां के नाम पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि संतोष कुमार जैन सरपंच थे। पौधारोपण के सम्बन्ध में सरपंच द्वारा ग्रामीणों को पेड़ लगाने प्रेरित किया व उसकी रक्षा करने संकल्प दिलाया। कार्यक्रम में ग्राम पंचायत पदाधिकारी देवकुमारी साहू उपसरपंच, भगवती अटल, ज्योति शर्मा, अहिल्या मानकर, योगिताबाला साहू, झुम्मनलाल साहू, सेवंत मानिकपुरी एवं गणमान्य नागरिक चंदराम ठाकुर, रती राम सिन्हा, खिलेन्द्र साहू, तीरथ अटल, गैंदमल जैन, चेतना गंजीर, हालेन्द्र साहू, हूनेश्वर साहू, पुष्पेन्द्र ठाकुर, पुष्पेन्द्र मानिकपुरी, रुस्तम अटल, यश ठाकुर, बलदेव ठाकुर, स्वच्छाग्रही रेखा साहू, गंगोत्री सिन्हा, कान्ति साहू, चंदा साहू उपस्थित थीं।

### देर रात घर में घुसा युवक के खिलाफ पुलिस में रिपोर्ट दर्ज

**बालोद।** घर के सभी सदस्यों के खाना खाकर सो जाने के बाद देर रात घर में घुसे युवक के खिलाफ सनौद थाने में घर के मुखिया ने रिपोर्ट दर्ज कराई है। मामला सनौद थाना क्षेत्र के ग्राम बेलोदी का बताया जा रहा है। जहां टोकन लाल केकती ने पुलिस को जानकारी दी है कि रात 9 बजे परिवार के सभी सदस्य खाना खाकर सो गए थे। किसी की आवाज आने पर देर रात मां ने चोर–चोर कहकर चिल्लाया। जिसके बाद पत्नी के साथ उठकर देखा तो घर की लाइट जल रही थी, इस दौरान मां के कमरा अंदर से एक लड़का भाग रहा था। जिसको देखा तो वह भेष कुमार था। मुझे देखकर सीढ़ी से खेत तरफ कूदकर भाग गया। वह गलत नियत से घर में प्रवेश किया था। जिसके बाद उक्त पीड़ित व्यक्ति ने उक्त युवक के खिलाफ सनौद थाने मे धारा 331 (4) के तहत रिपोर्ट दर्ज कराया है।

### जेल के बाथरुम में बंदी ने लगाई फांसी, जांच जारी

**भिलाई।** सेंट्रल जेल दुर्ग में एक विचारधीन बंदी ने बाथरूम में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली है। पद्मनाभपुर पुलिस मर्ग कायम कर जांच कर रही है। पदमनाभपुर पुलिस ने बताया कि ग्राम देवरी धमधा निवासी किशुन साहू (35 वर्ष) जेल में बने बाथरूम में बेडशीट को फंदा बनाकर फांसी में झूल गया। किशुन वर्ष 2024 से पत्नी की हत्या के मामले में सेंट्रल जेल दुर्ग में सजा काट रहा था।

**अभियान : पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन कर वन महोत्सव के लिए शपथ ली**

# माताओं के सम्मान में शहर के विभिन्न स्थानों में रोपे गए पौधे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुरूर

पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता फैलाने और माताओं के प्रति सम्मान करने के उद्देश्य से एक पेड़ मां के नाम नगर पंचायत क्षेत्र के वार्ड 1 मुक्तिधाम परिसर, वार्ड 13 शासकीय महाविद्यालय के समीप एवं वार्ड 14 मणिकंचन केन्द्र के समीप पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन कर वन महोत्सव के लिए शपथ ली।

कार्यक्रम में नगर पंचायत अध्यक्ष प्रदीप साहू, उपाध्यक्ष कुंती उर्फ इन्द्रावती सिन्हा, पार्षद राकेश दीवान, चिदानंद साहू, भूपेश लोहले, अनुसुईया ध्रुव, महिमा रेनू, भूपेन्द्र साहू, चन्द्रलता साहू, कमलेश बाई ओझा, तृप्ति यादव, अनाराम यादव, गिरधर लाल ठाकुर, बिन्दा यादव, जितेश्वरी मोहन निषाद, मधु जगदल्ले, नारायण राम टेके एवं पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष नंदकिशोर शर्मा, पूर्व उपाध्यक्ष नगर पंचायत गुलाब खत्री, भाजपा मण्डल अध्यक्ष आनंद शर्मा, पूर्व भाजपा मण्डल अध्यक्ष कौशल साहू, पूर्व अध्यक्ष जनपद पंचायत ईशा प्रकाश साहू, चन्द्रप्रकाश गांधी, राजेश साहू, वर्षा संजय साहू, नागरिकगण, स्व-सहायता समूह, मुख्य नगर पालिका अधिकारी, उप अभियंता, नगर पंचायत के अधिकारी, कर्मचारीगण उक्त कार्यक्रम में उपस्थित थे।





## खपरी ब में 600 पौधे लगाए गए

**गुण्डरदेही।** ग्राम पंचायत खपरी ब में एक पेड़ मां के नाम के तहत पौधारोपण किया गया है। गांव के स्कूल परिसर ग्राम पंचायत मैदान, साहू सामुदायिक भवन में कुल 600 पौधे लगाए गए हैं। इसमें समस्त ग्रामवासी एवं पंचायत के सरपंच, पंचगण व वरिष्ठ नागरिक शिक्षक एवं ग्राम सेवक पटवारी व स्कुली बच्चे शामिल हुए।



## जपं सभापति ने अलग-अलग गांवों में लगाए पौधे



**गुरूर।** जनपद पंचायत के क्षेत्र क्रमांक 5 में जनपद सभापति डॉ. हरिकृष्ण गंजीर ने मां के नाम पर एक पौधा रोपा। सर्वप्रथम ग्राम पंचायत मोहारा के अंतर्गत शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के मैदान में सरपंच, उपसरपंच, पंच और स्कूल के विद्यार्थी मिलकर सभी ने एक–एक पौधा मां के नाम लगाए और सुरक्षा की शपथ ली। ग्राम पंचायत मोहारा, भोथली, जेवरतला में भी वृहद पौधारोपण किया गया। सभापति डॉ. हरिकृष्ण गंजीर ने बताया सबसे पहले मां के नाम पर मोहारा में एक पौधा उसके बाद जेवरतला, भोथली, जनपद पंचायत गुरुर में जाकर मां के नाम पर एक–एक पौधे लगाया। ग्राम पंचायत मोहरा के माध्यम से सरपंच, उप सरपंच, पंच एवं सभी विद्यार्थियों एवं शिक्षकों ने मिलकर लगभग तीन सौ पौधे लगाएं और उनकी सुरक्षा का संकल्प लिया। इस अवसर पर सभापति जनपद पंचायत गुरुर, सरपंच, उप सरपंच, प्राचार्य एवं समस्त पंच, शिक्षक, विद्यार्थी और ग्रामीण उपस्थित थे।

## हीरू खपरी के विभिन्न स्थानों पर रोपे गए पौधे

**गुण्डरदेही।** ग्राम पंचायत किलेपार के आश्रित ग्राम हीरू खपरी के गौठान परिसर, ग्राम पंचायत परिसर, खेल मैदान के आसपास मां के नाम पौधों का रोपण किया गया। आश्रित ग्राम हीरू खपरी में प्रधानमंत्री आवास योजना के हितग्राहियों के आवास परिसर में भी पौधारोपण किया गया। रोपे गए पौधे का समुचित देखभाल एवं सुरक्षा करने का संकल्प लिया। इस अवसर पर थानसिंह मंडावी, सरपंच डिलेशवर साहू, उप सरपंच राजेश्वरी यादव माधुरी साहू, पीतेश्वर साहू, परमानंद साहू सुलेखा साहू, प्रमिला साहू, पंचायत सचिव पोखलाल तुरतुरिया, रोजगार सहायक मुक्ता साहू चेतन सोनी प्रदीप साहू, गायत्री साहू, उर्मिला साहू, जागेश्वरी रंगारी, रागनी साहू, लता साहू, रोहित साहू धाराव साहू नैन कुमारी आदि उपस्थित थे।

## भरदा खुर्द में विभिन्न जगहों में किया गया पौधारोपण



**गुण्डरदेही।** एक पेड़ मां के नाम के तहत ओटेबंध मंडल के ग्राम भरदा खुर्द में स्कूल परिसर, पानी टंकी के किनारे व नदी किनारे पौधे लगाए गए। इसमें मुख्य रूप से महामंत्री हेमंत कुमार साहू, बूथ अध्यक्ष कृष्ण कुमार, उपाध्यक्ष डिलेंद्र कुमार साहू, सतीश साहू, कृष्णा निषाद, दशरथ साहू, खेमनाथ साहू, उपसरपंच रूपेश सेन, रामेश्वर यादव, लक्ष्मण साहू, प्रेम साहू, डोमेंद्र गंगवीर, रवि साहू, नारद साहू व पंचायत के जनप्रतिनिधि उपस्थित थे।



## सेवा सहकारी समिति परिसर तवेरा में किया गया पौधारोपण

**गुण्डरदेही।** एक पेड़ मां के नाम के तहत सेवा सहकारी समिति परिसर तवेरा में रविवार को पौधारोपण किया गया। जिसमें सेवा सहकारी समिति अध्यक्ष तेजराम साहू, समिति प्रबंधक प्रदीप ठाकुर, सनत कुमार साहू, लक्ष्मण सिंन्हा, लिपिक विकेश कुमार साहू, कंप्यूटर ऑपरेटर भूपेंद्र बारले, निरज निषाद, तीरथ पटेल शामिल हुए।

## कुसुमकसा में रोपे गये फल और छायादायी पौधे

**कुसुमकसा।** ग्राम पंचायत कुसुमकसा में एक पेड़ मां के नाम के अभियान के तहत शीतला मंदिर के पास 200 पौधों का रोपण किया गया, इसमें आंवला, अमरूद,नींबू आम सहित अन्य प्रजातियों के पौधों का रोपण किया गया। वेदबाई पिस्दा सरपंच ने पौधारोपण कर अपील की कि पर्यावरण को शुद्ध रखने के लिए पेड़ पौधे जरूरी है, ये हमें गर्मी में छांव देते हैं, फलदार पौधे पेड़ बनकर फल देते हैं साथ ही पेड़ आक्सीजन भी देते हैं। इस अवसर पर मंजू बैंस जनपद सदस्य, वेदबाईं पिस्दा सरपंच ग्राम पंचायत कुसुमकसा, नितिन जैन उपसरपंच, योगेंद्र सिन्हा गांधी अध्यक्ष भाजपा मंडल कुसुमकसा, अनिल सुथार पूर्व जनपद सदस्य, संजय बैंस पूर्व जनपद सदस्य, प्रेमचंद जैन, शिवराम सिंद्रामें पूर्व सरपंच, पंचगण संतोष जैन, पंकज जेठवानी, दीपक यादव, कुमारी बाई, खेमिन निर्मलकर, सुगरा बेगम, पुष्पा रावते, चित्ररेखा मरकाम सहित राजू सिन्हा, आत्माराम चुरेंद्र, मालती मरकाम, टेमिन सिन्हा, पदमा ध्रुव सहित ग्रामीणों ने सहभागिता दर्ज कराई।

## रेंगाकठेरा और अर्जुनी में रोपे गए पौधे



**गुण्डरदेही।** जनपद पंचायत के आवासीय परिसर रेंगाकठेरा और ग्राम पंचायत अर्जुनी में पर्यावरण संरक्षण हेतु "एक पेड़ मां के नाम" अभियान अंतर्गत पौधारोपण किया गया। अर्जुनी में जनपद सभापति गुलशन साहू के अलावा सरपंच हेमंत साहू सहित सचिव, पंचगण व ग्रामीण एक साथ पौधारोपण किए।

# महाविद्यालय में पौधा रोपण कर लिया पर्यावरण संरक्षण का संकल्प



**गुण्डरदेही।** शासकीय शहीद कौशल यादव महाविद्यालय गुण्डरदेही में एक पेड़ मां के नाम कार्यक्रम के अंतर्गत पौधारोपण का आयोजन किया गया।

इस कार्यक्रम मे अध्यक्ष जनभागीदारी प्रबंधन समिति अश्वनी यादव ने पौधारोपण करते हुए संदेश दिया कि पर्यावरण सुरक्षा जीवन की सुरक्षा है। प्राचार्य डॉ. चंदना बोस ने छात्र–छात्रओं एवं अधिकारी–कर्मचारियों को जीवन के महत्वपूर्ण अवसरों पर एक पौधा लगाने एवं उसका सुरक्षा करने का प्रण लेने का संदेश दिया। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राध्यापक डॉ. केडी साधना, स्वच्छता और सेवा कार्यों पर केंद्रित विकास खंड गोष्ठी हनोदा में सम्पन्नचावले, डीएससाधना, स्वच्छता और सेवा कार्यों पर केंद्रित विकास खंड गोष्ठी हनोदा में सम्पन्न सहारे, आरपीसाधना, स्वच्छता और सेवा कार्यों पर केंद्रित विकास खंड गोष्ठी हनोदा में सम्पन्न निषाद, डॉ.आशीष कुमार भुई, शिखा श्रीवास्तव, ऋतु सोरी एवं कर्मचारियों ने अपनी मां के नाम पौधारोपण किया। रा.से.यो. कार्यक्रम अधिकारी डॉ. अभिषेक कुमार पटेल ने बताया कि महाविद्यालय में आज सौ से अधिक पौधों का रोपण किया गया एवं छात्र–छात्रओं ने महाविद्यालय एवं अपने–अपने गांव में पौधारोपण कर नागरिकों को पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक किया। कार्यक्रम में जनभागीदारी प्रबंधन समिति के सदस्य सूरज यादव, प्रकाश चावड़ा संदीप देशलहरे ने भी एक पौधा अपनी मां के नाम से लगाया।

# महाविद्यालय कलंगपुर में 200 पौधों का किया रोपण

**बालोद/कलंगपुर।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कलंगपुर के द्वारा 200 पेड़ लगाकर वृहद पौधारोपण का संदेश दिया तथा पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लिया। जिलाधीश जिला बालोद के आदेशानुसार एक पेड़ मां की नाम पर पर वृहद पौधारोपण के अभियान में पौधारोपण किया गया। इस अवसर पर शाला विकास एवं प्रबंधन समिति के अध्यक्ष विकास जैन, ग्राम पंचायत कलंगपुर सरपंच पुष्पा गोविंद सिंन्हा, विद्यालय प्राचार्य एस कोल्हे, लीलाधर सिन्हा, दिलेश्वर साहू, पूर्व सरपंच गोविंद सिन्हा, कीर्ति साहू, डोंगरमल जैन, प्रीति साहू, शशि चंदन, जितेंद्र साहू, राजेंद्र जैन, चंद्रेश जैन, दुष्यंत कुमार साहू, प्रमोद सिंह, बसंत ठाकुर, जितेंद्र जैन, योगेश्वर ठाकुर उपस्थित थे। विद्यालय के प्राचार्य टीएस कोल्हे ने पेड़ लगाने के महत्व पर प्रकाश डाले, समाज में सकारात्मक प्रभाव पड़ता है एक पेड़ लगाना छोटी शुरुआत है जो बड़े पेड़ बड़े बदलाव का आधार बन सकता है। विद्यालय के सभी शिक्षक शिक्षिकाओं ने इस अभियान को सफल बनाने में भागीदारी निभाई जिसमें एम टंडन, डीके साहू, वाईके साहू, आरएन साहू, टीसी मंडावी, यूके साहू, टीआर साहू, हेमंत कुमार साहू, यूंके साहू, एस सिंघारे, विजय साहू, एम धाबे, आर मालवीय, विश्वास, मधु धुरव, कंचनमाला महेश्वरी, तो स्मिता मिश्रा, केएल कुर्रे, सुभद्रा ठाकुर, जानकी साहू, शकुन साहू तथा छात्र संघ पदाधिकारी सौम्य मांडवी शाला नायक, नीतीश साहू उपशाला नायक, जागेश्वर ठाकुर क्रीड़ा सचिव तथा सभी छात्र–छात्रओं ने एक पेड़ मां के नाम लगाने का संकल्प लिया।






**शोक संदेश**



**स्व. उत्तमकुमार चंद्राकर गुरूजी**

अत्यंत दुख के साथ आपको सुचित करना पड़ रहा है
मेरे पति दाउ **श्री उत्तम कुमार चन्द्राकर (गुरूजी)** का आकस्मिक
देहावसन दिनांक 13/07/2025 दिन रविवार को हो गया है।
अतः आपसे निवेदन है कि दिवंगत आत्मा की शांति हेतु
**दशगात्र कार्यक्रम** में सम्मिलित होकर हमें कृतार्थ करें।

**दशगात्र सहित संपूर्ण कार्यक्रम**
दिनांक : 22/07/2025 दिन मंगलवार
कार्यक्रम स्थल - दीप चौक,
कुसुमकसा, जिला - बालोद

**: शोकाकुल :**
कमल, गिरेन्द्र, मिथलेश, पोषण, योगेश, खिलेन्द्र, संजय,
यशवंत, किशोर, टुम्मन, लोकेश, वेद, आशीष, सुनील, सतीश, कपील,
डिगेन्द्र, प्रवीण, पंकज, आर्यन, अर्नव, मोक्ष, एवं समस्त गौतम परिवार

**: विनीत :**
श्रीमती हेमीन बाई चन्द्राकर (पत्नि)
चन्द्रभान चन्द्राकर (पुत्र) संपर्क : 9424100164

जिस किसी सज्जन को शोक-पत्र न मिला हो कृपया इसे ही स्वीकार करें।

## खबर संक्षेप



### कोसागोंदी में बाल संस्कार केन्द्र का शुभारंभ

**गुरूर।** हीरक मंडल मोहारा के अंतर्गत ग्राम कोसागोंदी में बाल संस्कार शाला का शुभारंभ शासकीय माध्यमिक शाला कोसागोंदी में किया गया। उद्घाटन समारोह में मुख्य अतिथि सभापति संचार संकर्म निर्माण समिति जनपद पंचायत गुरुर डॉ. हरिकृष्ण गंजीर थे। अध्यक्षता सहसंयोजक गायत्री शक्तिपीठ गुरुर डॉ. गोपाल साहू ने किया। विशेष अतिथि वरुण कुमार साहू, सरपंच तुलसी साहू, पंच दुलिया बाई निषाद, पंच बालमुकुंद साहू, आचार्य सूर्यकान्त साहू, कुमुदनी साहू, नेहा साहू, नंदिनी साहू व शिक्षक उपस्थित थे। अतिथियों ने विद्यार्थियों का तिलक लगाकर सम्मान किया गया। मुख्य अतिथि डॉ. गंजीर ने सभी विद्यार्थियों को बाल संस्कार आने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि बाल संस्कार शाला में अच्छी–अच्छी बातें, गीत, कविता, चुटकुला, कहानी सुनाई जाती है। वहीं खेलकूद का अभ्यास भी कराया जाता है। इस अवसर पर कार्यक्रम का संचालन किशोर कुमार सार्वा ने किया और कार्यक्रम का आभार सूर्यकांत साहू ने किया।

### धानापुरी में छात्र परिषद का चुनाव, पदाधिकारियों को दिलाई गई शपथ

**गुरूर।** शासकीय पूर्व एवं उच्चतर माध्यमिक विद्यालय धानापुरी में छात्र परिषद का चुनाव, चुनाव अधिकारी के रूप में पी बैंस व्याख्याता एवं खिलेश कुमार चंद्राकर, व्याख्याता के द्वारा संपन्न हुआ। जिसमें शाला नायक योगिता सिन्हा, उपशाला नायक हितेश कुमार, अनुशासन प्रभारी घनश्याम सिन्हा, क्रीड़ा प्रभारी तुषार कुमार सिन्हा, स्वच्छता प्रभारी पुष्कर नेताम कब बनाया गया। चुनाव होने के बाद पदाधिकारी को शपथ दिलाया गया। प्राचार्य एमएल टंडन ने सभी पदाधिकारी को उनकी जिम्मेदारियां का निर्वहन करते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना किये।

### नपं अध्यक्ष ने शीतला मंदिर में दिए एंप्लीफायर और माइक सेट



**गुण्डरदेही।** नगर के शीतला मंदिर समिति द्वारा आयोजित माता शीतला जुड़वास कार्यक्रम में नगर पंचायत अध्यक्ष प्रमोद जैन ने अपने तरफ से एंप्लीफायर और माइक सेट शीतला मंदिर को देने की बात कही थी, जिसे नगर पंचायत अध्यक्ष प्रमोद जैन ने पूरा किया। सोमवार को शीतला मंदिर समिति को एंप्लीफायर और माइक सेट प्रदान किया। इस अवसर पर समिति के अध्यक्ष सियाराम सोनकर, बसंत सोनकर, छगन सोनकर, श्रवण सोनकर, हेमंत कोटवार एवं शीतला मंदिर समिति के सदस्य एवं पदाधिकारीगण उपस्थित थे।

### सकरौद में पौधारोपण हुआ

**गुण्डरदेही।** ग्राम पंचायत सकरौद में सोमवार को महा पौधारोपण अभियान के तहत एक पेड़ मां के नाम के तहत गांव के खुले मैदान में फल और छायादायी पौधो का रोपण किया गया। इस अवसर पर उपसरपंच हेमन्त कुमार, जसवंत कोसरे, हेमंत साहू, संतोष देशमुख, दिनेश साहू, अनूप देशमुख, पवन यादव, राम्हू देवांगन, भगवती देशमुख सहित ग्रामीण उपस्थित थे।

तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
पता - तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी मो.नं. : 9993010732
लकवा रोग, वातरोग - सभी प्रकार के दर्द, गठियाबात, साइटिका, झुनझुनी वात, कमरदर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, ऐक्जिमा, मुंह में छाला होना का इलाज
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना का इलाज
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना का इलाज
पुरूष रोग - धातुस्राव, शीघ्रपतन व कमजोरी का इलाज
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, मासिक रुकावट का इलाज
बुखार, खांसी, स्वांसरोग, मूत्ररोग, केशरोग, दांतरोग का इलाज

## आत्मानंद स्कूल में 10 लाख की लागत से हुआ है निर्माण, क्रियान्वयन एजेंसी है पंचायत

# अहाता निर्माण में अनियमितता, बारिश में कालम व दीवार का बैलेंस बिगड़ा, आईं दरारें

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुसुमकसा

स्वामी आत्मानंद शासकीय उत्कृष्ट हिंदी माध्य विद्यालय कुसुमकसा में जिला खनिज न्यास मद से स्वीकृत अहाता निर्माण में बरती गई अनियमिताओं की पोल सावन के फुआर में खुल गई। अहाता निर्माण के नीचे से मुरूम बहकर बाहर निकल गई और नई दीवाल कालम सहित तिरछी हो गई। वहीं निर्मित दीवाल में दरार आ गई है। निर्माण कार्य में कालम की गहराई और किए गए बेस भी उभरकर बाहर आ गए हैं, जिससे निर्माण कार्य के गुणवत्ता पर सवालिया निशान लग रहे हैं।

ग्रामीण यांत्रिकी सेवा विभाग के अधिकारियों के निरीक्षण में उक्त अहाता निर्माण का कार्य चल रहा है।निर्माण कार्य को देखकर लगता है कि ग्रामीण यांत्रिकी सेवा विभाग के अधिकारी निर्माण कार्य करा रहे ठेकेदार को मनमाफिक कार्य करने की खुली छूट दे दी हो। निर्माण स्थल पर निर्माण कार्य से संबंधित कोई सूचना पटल नहीं लगाया गया है, जिससे आमजन को निर्माण कार्य किस मद से स्वीकृत है, निर्माण कार्य की लागत राशि, निर्माण कार्य के प्रारंभ और पूर्ण होने की निर्धारित समयावधि, निर्माण एजेंसी सहित अन्य जानकारी मिलती, जिससे ऐसा प्रतीत होता है कि ग्रामीण यांत्रिकी सेवा विभाग के अधिकारी निर्माण कार्य पूर्ण होने के बाद ही कार्य के मूल्यांकन, सत्यापन के लिए सूचना पटल निर्माण एजेंसी से लगवाएंगे। उक्त अहाता निर्माण के लिए 10 लाख की प्रशासकीय स्वीकृति दी गई थी, किंतु कार्य की गुणवता देखने के लिए कागजों में ही अधिकारी नियुक्त किए गए, जो निर्माण कार्यो को कम व निर्माण कार्य के मूल्यांकन पर ही ज्यादा ध्यान देते नजर आए। सूत्रों के अनुसार उक्त अहाता निर्माण के क्रियान्वयन एजेंसी ग्राम पंचायत है, किंतु निर्माण कार्य किसी ठेकेदार द्वारा कराया जा रहा है और किए गए निर्माण कार्य से ज्यादा राशि का भुगतान ठेकेदार को कर दिया गया है। अनिल सुथार पूर्व जनपद सदस्य ने कहा की खनन प्रभावित क्षेत्र के नाम पर आदिवासी विकासखंड डोंडी के ग्रामीण अंचलों में जिला खनिज न्यास निधि का जमकर भ्रष्टाचार हो रहा है। कांग्रेस शासन काल में भ्रष्टाचार का आरोप लगाने वाली भाजपा अब उनके शासन काल में भी जिला खनिज न्यास निधि के कार्यों में भ्रष्टाचार नजर आ रहा है, जिससे लगता है की राज बदला है कार्य करने की स्वरूप एक जैसा दिख रही है। गौरतलब है की आदिवासी विकासखंड डोंडी के ग्राम पंचायत कुसुमकसा में संचालित स्वामी आत्मानंद शासकीय उत्कृष्ट हिंदी माध्य विद्यालय में संधारण कार्य हेतु जिला खनिज न्यास निधि से स्वीकृत राशि के बंदरबाट करने का मुख्य केंद्र बन गया है। विगत लगभग आठ सालों में जिला खनिज न्यास निधि से लगभग 1.10 करोड़ रुपयों की राशि उक्त शाला भवन के जीर्णोधार, रंगरोषण के नाम पर खर्च कर दिया गया, पूर्व में वर्ष 2016-17 में शासकीय हाई स्कूल जीर्णोधार कार्य के लिए 25 लाख की व शासकीय हाई स्कूल भवन कुसुमकसा जीर्णोधार भाग-2 के लिए 9.08 लाख की स्वीकृति दी गई, जिसमें क्रियान्वयन एजेंसी कार्यपालन अभियंता जल संसाधन विभाग बालोद को बनाया गया था। दोनों जीर्णोधार कार्य लगभग 34.08 लाख रुपयों का था।

इसके बाद शासकीय हाई स्कूल में संधारण कार्य हेतु 17 लाख रुपयों की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की गई थी, जिसका क्रियान्वयन एजेंसी सरपंच ग्राम पंचायत कुसुमकसा होने से संधारण व रंग रोशन का कार्य अच्छा हुआ था, उसके कुछ दिनों बाद शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय का उन्नयन स्वामी आत्मानंद शासकीय उत्कृष्ट हिंदी माध्य विद्यालय घोषित होते ही जिला खनिज न्यास निधि से

वर्ष 2021-22 में शाला भवनों के रंगरोशन व जीर्णोधार के नाम पर लगभग 49 लाख की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की गई और लोक निर्माण विभाग के देखरेख में निर्माण एजेंसी द्वारा कार्य कराया गया।



### सांसद ने जतायी थी नाराजगी

कुछ दिनों पूर्व कांकेर लोकसभा सांसद भोजराज नाग अंचल के दौरे के दरम्यान स्वामी आत्मानंद शासकीय उत्कृष्ट हिंदी माध्य विद्यालय कुसुमकसा अचानक पहुंचकर जिला खनिज न्यास निधि से स्वीकृत अहाता निर्माण का निरीक्षण किया व निर्माण कार्य अपूर्ण होने पर कड़ी नाराजगी व्यक्त की थी। योगेंद्र सिन्हा अध्यक्ष भाजपा मंडल कुसुमकसा ने कहा की सांसद के निर्देश पर भी जनपद पंचायत के अधिकारी निर्माण कार्य के गुणवत्ता पर ध्यान नहीं दे रहे हैं। भाजपा शासन के सुशासन में ऐसी लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। निर्माण कार्य शासकीय मापदंड के अनुरूप गुणवत्ता युक्त ना होने पर निर्माण कार्य के जांच कराने की बात कही।

# सभी पदाधिकारी अपने दायित्व का निर्वहन करें



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

दिल्लीवार कुर्मी क्षत्रिय समाज नगर इकाई के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों का शपथ ग्रहण एवं सम्मान समारोह विगत दिनों रविवार कुर्मी भवन शिकारीपारा में हुआ।

मुख्य अतिथि दिल्लीवार कुर्मी क्षत्रिय समाज नगर इकाई के संरक्षक डीएस देशमुख, विशेष अतिथि केंद्रीय महिला समिति के अध्यक्ष प्रीति देशमुख, पूर्व अध्यक्ष तेजराम देशमुख रहे। मुख्य अतिथि नवनिर्वाचित पदाधिकारी को शपथ दिलायी। इसमें नगर इकाई के नवनिर्वाचित अध्यक्ष वाईके देशमुख, उपाध्यक्ष मालवीय देशमुख, सचिन धर्मेंद्र देशमुख, सहसचिव सुरेंद्र हरमुख, कोषाध्यक्ष भोलेश्वर अमृत, महिला समिति के अध्यक्ष पुष्पा देशमुख, उपाध्यक्ष राजेश्वरी देशमुख, सचिव कुमुदिनी हरडेल, सह सचिव याकेश्वरी देशमुख, कोषाध्यक्ष कुसुम देशमुख, युवा समिति अध्यक्ष तोमेश्वर देशमुख, उपाध्यक्ष ऋषभ देशमुख, सचिव मनीष देशमुख, सहसचिव तेशांत देशमुख, कोषाध्यक्ष अंकित देशमुख उपस्थित थे। मुख्य अतिथि ने कहा कि सभी पदाधिकारी का दायित्व है कि हम सब मिलकर नगर इकाई को आगे बढ़ने का प्रयास करेंगे और समय–समय पर सामाजिक दायित्वों का निर्वहन करते हुए समाज के विकास में अपना योगदान देंगे। कार्यक्रम का संचालन सचिव धर्मेंद्र देशमुख और आभार प्रदर्शन महिला उपाध्यक्ष राजेश्वरी देशमुख ने किया। इस मौके पर टिकेंद्र हरदेल, कृष्ण कुमार हरदेल, संजय देशमुख, भुलेश्वर, अमृत, पीएल देशमुख, कबिलास देशमुख, सरिता देशमुख, भारती देशमुख, आशा, अमृत, अनीता देशमुख, राधा देशमुख, जया देशमुख पुष्पा, राजेश्वरी, कुमुदिनी उपस्थित थे।

■ दिल्लीवार कुर्मी क्षत्रिय समाज नगर इकाई के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों ने ली शपथ

# प्रतिभावान बच्चों का निषाद समाज ने किया सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुण्डरदेही



ग्राम बघमरा में निषाद समाज द्वारा प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया था। जिसमें लगभग 25 प्रतिभावान बच्चों को प्रतिभा सम्मान नगर पंचायत अध्यक्ष प्रमोद जैन के द्वारा दिया गया।

कार्यक्रम में नगर पंचायत अध्यक्ष प्रमोद जैन, राजकपूर निषाद, सुनील निषाद ईश्वर निषाद, प्रदीप निषाद, कलिंदा निषाद, पोषण निषाद, हरीश निषाद व निषाद समाज के पदाधिकारी शामिल हुए। नगर पंचायत अध्यक्ष प्रमोद जैन ने कहा कि हमने चुनाव के समय जो वादा किया था हम उस वादे को पूरा कर रहे राशन दुकान ग्राम बघमरा में शुरू करवाया जिससे लोगों को परेशानी न हो। मंच के सामने 10 लाख रुपए के टीन शेड की स्वीकृति हो गई है। पार्षद हरीश निषाद की मांग पर बच्चों के खेलने के लिए मैदान समतलीकरण एवं बाउंड्रीवाल के लिए 5 लाख देने की घोषणा किया। जैन ने कहा कि बघमरा मे मूलभूत समस्या होगी, उसका समय से समाधान किया जाएगा, पानी की समस्या को ध्यान में रहते हुए बोर खनन का कार्य किया साथ ही सभी वार्डो में पानी की टंकी लगाई गई है जिससे लोगों को सुविधा मिल सके। सड़क बिजली पानी और अन्य सभी कार्यों और आपकी मांगों को धीरे धीरे पूरा किया जाएगा। कार्यक्रम में मंगलुराम निषाद, डीलेंद्र निषाद, करण निषाद, सुनील निषाद गोकर्ण निषाद, कमलेश निषाद, लल्लू राम निषाद, डोमार निषाद, मिलन निषाद, पुरुषोत्तम निषाद, दिलीप निषाद, सखाराम निषाद, बल्ला राम निषाद, भुवन लाल निषाद उपस्थित थे।

# भक्तों ने ओटेबंध मंदिर में भोलेनाथ की पूजा-अर्चना कर जलाभिषेक किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंडा



बोल बम सावन के महीने में सैकड़ो भक्तजन शिवनाथ नदी विनायकपुर घाट से श्री विष्णुधाम ओटेबंध मंदिर श्री भोलेनाथ बाबा जी के जलाभिषेक करने हेतु कांवड़िया आए एवं पूजा अर्चना किये । इस अवसर पर मोरध्वज गुप्ता , संतोषी गुप्ता, श्रद्धा गुप्ता, पायल देशमुख, दामिनी देशमुख, चांदनी देशमुख, सावित्री देशमुख, ममता देशमुख, दानेश्वरी साहू, अनिता साहू, हर्षिता साहू, रेशमा साहू, लोमेश्वरी साहू, वीरा साहू, माधुरी यादव, डिंपल यादव, लीला साहू, टोमन देशमुख, दिपांशू साहू,नेहा साहू, पलक देशमुख, ममता साहू, बरातूराम यादव, देवधर साहू, टोमिन विश्वकर्मा, आदर्श पांडे, भोलेनाथ दुबे, शिव शर्मा, शिव यादव आदि उपस्थित थे। इस अवसर पर मोरध्वज गुप्ता, संतोषी गुप्ता ने कहा कि महादेव का प्रिय माह सावन जारी है, सावन का दूसरा सोमवार है।

इस दिन भगवान शिव की पूजा-अर्चना करना बेहद शुभ होता है। इसके प्रभाव से महाकाल शीघ्र प्रसन्न होते हैं। माना जाता है कि सावन सोमवार न केवल उपासना का दिन है बल्कि यह भोलेनाथ का आशीर्वाद पाने का विशेष अवसर है, जिसका इंतजार सभी को साल भर रहता है। मान्यता है कि इस दिन महादेव को शमी का फूल, बेलपत्र, दूध, चंदन और शहद आदि चढ़ाने से साधक को आर्थिक लाभ, अच्छी सेहत और मनचाहा जीवनसाथी प्राप्त होता है।

## साधना, स्वच्छता व सेवा कार्यों पर केंद्रित विकास खंड गोष्ठी हनोदा में आयोजित

**अंडा।** विकास खंड स्तरीय गोश्ठी का प्रज्ञापीठ हनोदा में सफल आयोजन किया गया। जिसमें निम्न बिदुओं पर चर्चा की गई। प्रत्येक प्रज्ञापीठ, शक्तिपीठ, ज्ञान मन्दिर,चरण पीठ में एक श्यामपट पर प्रत्येक सप्ताह एक सत संकल्प पाठ लिख कर जीवन में उतारने का अभ्यास करेंगे। वर्तमान माह में साधना,पौधारोपण, बाल संस्कार शाला, स्वच्छता अभियान को विशेष गति प्रदान किया जावेगा। माह के प्रथम व तृतीय रविवार को विकास खंड स्तरीय सामूहिक कार्य के लिए आरक्षित किया गया। शेष रविवार प्रज्ञा मण्डल स्तर के लिये। अगले माह सामूहिक श्रमदान कोकड़ी(हनोदा)में पौधारोपण व स्वछता अभियान के रूप में रहेगा। जिसमें समस्त परिजन वेशभूषा में आमंत्रित हैं। आंदोलन पर विस्तृत चर्चा कर चरण बद्ध लक्ष्य पूर्ति के लिए आग्रह किया गया। विभिन्न स्थानों में 5/24 कुंडीय गायत्री महायज्ञ आयोजन पर महत्वपूर्ण चर्चा की गई। गोष्ठी में सम्मिलित सभी परिजनों का देवीलाल साहू जी द्वारा धन्यवाद ज्ञापित किया गया।



# सूर्यघर योजना से मिली राहत बिजली बिल आया शून्य



**दल्लीराजहरा।** प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना आम परिवारों के लिए एक नई रोशनी बनकर सामने आई है। इसी योजना का लाभ उठाकर दल्लीराजहरा के निवासी ने अपने घर की छत पर 3 किलोवाट का सौर ऊर्जा संयंत्र स्थापित किया है, जिसकी वजह से अब उन्हें बिजली बिल भरने की आवश्यकता नहीं रही। इस योजना की जानकारी उन्हें सोशल मीडिया और समाचार पत्रों से मिली, जिसके बाद उन्होंने बिजली विभाग से संपर्क कर समस्त प्रक्रिया को ऑनलाइन माध्यम से पूरा किया। आवेदन करना न केवल सरल था, बल्कि पूरी प्रक्रिया पारदर्शिता के साथ पूरी हुई। इस सोलर सिस्टम की स्थापना पर उन्हें सरकार की ओर से 78,000 रु. की सब्सिडी भी प्राप्त हुई, पिछले छह महीनों से यह सौर संयंत्र लगातार बिना किसी रुकावट के काम कर रहा है। पहले हर महीने 2,000 से 2,500 रुपये तक का बिजली बिल आता था, लेकिन अब बिजली खर्च लगभग शून्य हो चुका है। सौर ऊर्जा की मदद से अब घर की जरूरतें पूरी होने के साथ-साथ अतिरिक्त बिजली ग्रिड को भेजी जा रही है, जिससे हर महीने एक निश्चित आय भी प्राप्त हो रही है। यह योजना सिर्फ पैसे की बचत तक सीमित नहीं, बल्कि पर्यावरण संरक्षण में भी एक बड़ी भूमिका निभा रही है। उन्होंने बताया कि यह योजना वाकई जीवन को एक नई दिशा दे रही है और देश को ऊर्जा आत्मनिर्भरता की ओर मजबूत कदमों से आगे बढ़ा रही है। साथ ही अन्य नागरिकों से अपील की कि वे भी इस योजना से जुड़कर न सिर्फ अपनी जेब को राहत दें, बल्कि हर दिन सूरज की किरणों को आमदनी का स्त्रोत बनाएं।

## भक्तों ने आमटी में भव्य कांवड़ यात्रा निकाली



**अंडा।** दुर्ग ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र के ग्राम पंचायत आमटी में भव्य कांवड़ यात्रा का आयोजन किया गया। जिसमें माता शीतला मंदिर से श्रद्धालु जल लेकर तन्दुला नदी किनारे भगवान शिव मंदिर तक कांवड़ ले के पहुंचे एवं शिवजी का जलाभिषेक कर पूजा अर्चना किया गया व साथ ही साथ पौधारोपण किया गया। जिसमें ग्राम पंचायत आमटी की सरपंच दुर्गा पुरुषोत्तम चौधरी के साथ साथ पंच राजेश देवांगन, एवं ग्रामवाशी टोपलाल पटेल, शैलेश निषाद, दीपक, लक्की, डिलू, सतीश निषाद, अजय, रोमन, कुलेश्वर, संदीप, कुणाल, मोती, कन्हैया,मिहिर, खोरबाहरा, कुलेश्वर शर्मा, कुमार पटेल, शशिकला, रामहीन, दुलारी, सीता, मालेश्वरी, नीता, श्यामा पवार, मोंटी, मधुबाला, गंगा चौधरी आदि ग्रामीण जन उपस्थित रहे। इस अवसर पर सरपंच दुर्गा पुरूषोत्तम चौधरी ने कहा कि महादेव को समर्पित सावन का महीना हिंदू धर्म में सबसे पवित्र महीना माना जाता है। इस दिन भगवान शिव की पूजा-अर्चना करना बेहद शुभ होता है। सावन में आने वाले सोमवार के दिन महादेव को शमी का फूल, बेलपत्र, दूध, चंदन और शहद आदि चढ़ाया जाता है और कुछ लोग इस दिन उपवास भी रखते हैं। पुरे आमटी गांव में हर हर महादेव का नारा गूंज उठा।

### महिलाएं व बच्चों ने कुम्हलेशवर महादेव में किया जलाभिषेक



**गुण्डरदेही।** सावन माह द्वितीय सोमवार को ग्राम किलेपार की महिलाएं व बच्चे घर से कांवर लेकर कुम्हली पहुंचे, जहां जमीन से निकले कुम्हलेशवर महादेव में जलाभिषेक कर भगवान भोलेनाथ के दर्शन कर मनोकामनाए मांगी।

## सशिमं जामगांव आर में छात्र संसद के पदाधिकारियों ने ली शपथ

# हायर सेकंडरी में मोनिका अध्यक्ष और हुलेश उपाध्यक्ष बने

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जामगांव आर




सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय जामगांव आर में छात्र संसद का गठन किया गया। तत्पश्चात बाल भारती एवं किशोर भारती कन्या भारती के पदाधिकारियों ने शपथ ली।

प्राचार्य पीएल बारले ने कहा कि विद्यार्थी जीवन में भावी नागरिक का ट्रेलर दिखता है। विद्यालय छात्रों के सर्वांगीण विकास का उत्तम प्लेटफार्म होता है। पढ़ाई के साथ साथ संस्कार, अनुशासन, नेतृत्व कला दायित्वों का कुशल संचालन अपनी रुचि एवं योग्यता के अनुरूप सिखता है। होनहार विद्यार्थी सजग रहते है और भावी नागरिक का ट्रेलर भी दिखाते है।

**इन पदाधिकारियों ने शपथ ली:** बालभारती पदाधिकारियों में अध्यक्ष मोनिका ठाकुर, उपाध्यक्ष हुलेश साहू, सेनापति दीक्षा साहू, उप सेनापति प्रणव मंत्री, चारूशिखा, अनुशासन एवं स्वच्छता प्रमुख क्षमा एवं विराट, सांस्कृतिक प्रमुख पूर्वी बंजारे, लोकाम्या, जल व्यवस्था प्रमुख हर्षवर्धन, क्रीडा प्रमुख श्रीजल, वाहन प्रमुख आयुष, कक्षा प्रमुख षष्ठ, पूर्वी, सप्तम रूद्र, अष्टम मोनिका, उपप्रमुख षष्ठ तृषा, सप्तम वीणा, अष्टम रुद्र चंद्राकर को बनाया गया है।

किशोर भारती पदाधिकारियों में अध्यक्ष आर्यन चंद्राकर, उपाध्यक्ष लोमस सोनवानी, सेनापति पुष्पेंद्र चंद्राकर, उप सेनापति गौरव साहू, मंत्री गणेश अनुशासन एवं स्वच्छता प्रमुख जयदीप, सांस्कृतिक प्रमुख भूपेंद्र एवं निखिल जल व्यवस्था प्रमुख पीयूष साहू, क्रीडा प्रमुख लुमेश साहू, वाहन प्रमुख चमन सोनवानी, कक्षा प्रमुख नवम कुमकुम, दशम नारायणी, एकादश साधना, द्वादश डाली, उपप्रमुख नवम तन्नु, दशम टिकेश्वरी, एकादश माधवी, द्वादश धात्री को बनाया गया है।

कन्या भारती पदाधिकारियों में अध्यक्ष सुभ्रा, उपाध्यक्ष डाली, सेनापति लोमिता, उप सेनापति हर्षिता साहू, मंत्री पूर्वी, अनुशासन एवं स्वच्छता प्रमुख साक्षी, सांस्कृतिक प्रमुख धात्री, जल व्यवस्था प्रमुख खुशी, क्रीडा प्रमुख उपासना एवं पलक वाहन प्रमुख तानवी को बनाया गया है।

